भारत गणतंत्र के संस्थापक सरदार पटेल का जन्मदिवस मनाया गया

नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय में आज 31 अक्टूबर को भारत के प्रथम गृहमंत्री एवं उप प्रधान मंत्री लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्मदिवस एवं राष्ट्रीय एकता दिवस विश्वविद्यालय के अधिकारियों, छात्र एवं छात्राओं ने हर्ष उल्लास से मनाया। इस अवसर पर विटनरी महाविद्यालय की छात्रा द्वारा सरदार पटेल के व्यक्तित्व और कृतीत्व पर प्रकाश डाला। कुलपति प्रो. डॉ. प्रयाग दत्त जुयाल जी ने विश्वविद्यालय के आचार्यों, कर्मचारियों औरा छात्रों को उद्‌बोधित करते हुये कहा कि हमें सरदार पटेल को कर्तव्य परायण और दृढ़ता को अंगीकृत कर अपने लक्ष्य की ओर बढ़ना चाहिये ताकि हम म.प्र. के पशुधन को लाभोन्मुखी व्यवसाय बनाने में म.प्र. सरकार को सहयोग कर सकें। उन्होंने भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री श्रीमति इंदिरा गांधी की पुण्य तिथि तथा देश के परमाणु विज्ञान के जनक डॉ. होमी जहांगी भाभा के भी जन्मदिवस होने पर उनके अनुकरणीय जीवन को भी अंगीकार किये जाने पर बल दिया। सरदार पटेल ने जिस प्रकार अपनी सूझ–बूझ से भारत की 562 रियासतों को मिला कर भारतीय गणतंत्र का मार्ग प्रशस्त किया उन्हें भी इस मौके पर याद किये जाने को हर भारतीय का कर्तव्य माना।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के डॉ. एस.एन.एस. परमार, डॉ. आर.पी.एस. बघेल, डॉ. वाई.पी. साहनी, डॉ. बी.सी. सरखेल, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, छात्र छात्रा एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन एवं अभार डॉ. अमिता तिवारी ने किया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि.
जबलपुर